# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
## मध्यप्रदेश

क्रमांक/आई.डी.एस.पी./2020/400 भोपाल, दिनांक 15.05.20

प्रति,

समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
समस्त सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला समस्त जिला सर्विलेन्स अधिकारी, डी.एच.ओ.–1 एवं डी.एच.ओ.–2
समस्त आर.एम.ओ., पैथालॉजिस्ट तथा मेडिकल/सर्जिकल/एनस्थिसिया विशेषज्ञ
समस्त जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
समस्त जिला मॉनिटरिंग एवं इवेल्यूशन अधिकारी एवं आई.डी.एस.पी. डेटा मैनेजर
मध्यप्रदेश।

विषयः—नोवल कोरोना वायरस ( COVID-19) के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु जिला अधिकारियों के मध्य कार्यविभाजन बाबत।

संदर्भः—संचालनालय के आदेश क्रमांक/आई.डी.एस.पी./344, दिनांक 30.03.2020

उपरोक्त विषय में लेख है कि (COVID-19) कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम की निगरानी हेतु राज्य स्तर एवं जिला स्तर से विभिन्न कार्य संपादित किये जा रहे है। यह देखने में आया है कि जिला स्तर पर आई.डी.एस.पी. संबंधित कार्य में एकरूपता नहीं है। जिला स्तर से राज्य स्तर तक आवश्यक सूचना प्रेषित करने तथा राज्य स्तर से जारी निर्देशों का अपेक्षा अनुरूप पालन हो इस हेतु जिला स्तर पर क्रियान्वन हेतु अधिकारीवार कार्य आवंटित किया जाना उचित है। पूर्व में भी संदर्भित पत्र द्वारा राज्य स्तर से जिला अधिकारियों का कार्य आवंटन एवं उत्तरदायित्व सौंपा गया है। उक्त निर्देश को संशोधित करते हुए जिला अधिकारियों के मध्य निम्नानुसार कार्य दायित्व सौपा जाता हैः—

| क्र. | कार्य | आवंटित अधिकारी | अतिरिक्त प्रभारी |
|---|---|---|---|
| 1. | भारत सरकार तथा राज्य स्तर के वेब पोर्टल पर डेटा एन्ट्री | जिला मॉनिटरिंग एवं इवेल्यूशन अधिकारी | आई.डी.एस.पी. डेटा मैनेजर |
| 2. | कोविड–19 पॉजिटिव मरीजों की लाइनलिस्ट संधारित करना | ऐपिडिमियोलॉजिस्ट | आई.डी.एस.पी. डेटा मैनेजर |
| 3. | कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग कार्य | ऐपिडिमियोलॉजिस्ट | डी.एच.ओ.–1 |
| 4. | सर्विलेन्स एवं सर्वे संबंधित कार्य | जिला सर्विलेन्स अधिकारी | ऐपिडिमियोलॉजिस्ट |
| 5. | CCC/DCHC/DCH में भर्ती मरीजों की स्थिति | जिला सर्विलेन्स अधिकारी | जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 6. | सेम्पलिंग कार्य एवं सेम्पल रिजल्ट रिपोर्टिंग संबधित कार्य | सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक | पैथालॉजिस्ट |
| 7. | आर.आर.टी. संबंधित कार्य | मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधि. | जिला सर्विलेन्स अधिकारी |
| 8. | कन्टेनमेन्ट एरिया संबंधित कार्य | ऐपिडिमियोलॉजिस्ट | आर.एम.ओ. |
| 9. | मृत्यु संबंधित प्रकरणों की जानकारी | डी.एच.ओ.–1 | डी.एच.ओ.–2 |
| 10. | CCC/DCHC/DCH की मॉनिटरिंग तथा सुपरविजन | मेडिकल/सर्जिकल/ एनस्थिसिया विशेषज्ञ | डी.एच.ओ.–2 |
| 11. | पी.पी.ई. किट, एन–95 मास्क, ट्रीपल लेयर मास्क तथा सेनेटाइजर की उपलब्धता | मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी | सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक |

उपरोक्तानुसार विभिन्न जिला अधिकारियों को पृथक–पृथक कार्य विभाजित किया जाता है तदानुसार जिलों में कोविड–19 संबंधित आवंटित कार्य संपादित करना सुनिश्चित करें। कोविड–19 वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम की निगरानी हेतु COVID-19 ऑनलाइन पोर्टल निर्मित किया गया है, जिसका वेब ऐड्रेस– http://mphealthresponse.nhmmp.gov.in/covid है तथा भारत सरकार का वेब पोर्टल https://covid19.nhp.gov.in है। इन पोर्टल्स पर प्रतिदिन अद्यतन जानकारी की एन्ट्री सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त राज्य स्तर से संभागीय एवं जिला ओ.आई.सी. नियुक्त किये गये है, जिनके द्वारा प्रतिदिन जिलो से रिपोर्ट प्राप्त कर राज्य स्तर पर प्रेषित किये जाने का कार्य संपादित किया जाता है। इन संभागीय एवं जिला ओ.आई.सी. को आवश्यक रिपोर्ट नियमित रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(फैज अहमद किदवई)
**प्रमुख सचिव**
**मध्यप्रदेश शासन,**
**लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण**
**मध्यप्रदेश**

**क्रमांक/आई.डी.एस.पी./2020/401** **भोपाल, दिनांक 15/05/20**

**प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलाय भोपाल म.प्र.।
2. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग
3. आयुक्त चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश।
4. मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र.।
5. संचालक, आई.डी.एस.पी., संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश।
6. समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेश।
7. समस्त क्षेत्रीय संचालक, मध्यप्रदेश।
8. समस्त जिला कलेक्टर, मध्यप्रदेश।

**प्रमुख सचिव**
**मध्यप्रदेश शासन,**
**लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण**
**मध्यप्रदेश**